Accredited 'A' Grade by NAAC
SMS VARANASI SCHOOL OF MANAGEMENT SCIENCES
An Autonomous College
Approved by : AICTE, Ministry of Education, Govt. of INDIA
Affiliated to : AKTU, Lucknow & MGKVP, Varanasi

# प्रकाशनार्थ

- **स्वप्रबंधन से सुनिश्चित होती है सफलता की राह ।**
- **स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, वाराणसी में आयोजित हुआ ओरिएन्टेशन कार्यक्रम**
- **एम.बी.ए एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम के संयुक्त ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने की सहभागिता ।**

वाराणसी, 15 सितंबर : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, वाराणसी में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संस्थान में संचालित एम० बी० ए० और एम० सी० ए० पाठ्यक्रमों के लिए संयुक्त रूप से आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए एस०एम०एस० के निदेशक प्रो० पी० एन० झा ने कहा कि विद्यार्थियों को नयी शिक्षा नीति के अनुसार तैयार करने के लिए संस्थान पूर्ण रूप से समर्पित है। विद्यार्थोयों को मशीन लर्निंग और अन्य तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रो० झा ने कहा कि समय की महत्ता को समझना सफलता की दिशा में पहला कदम बढ़ाने जैसा है। आज वैश्विक स्तर पर शिक्षा, प्रबंधन, तकनीकी सहित तमाम क्षेत्रों में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, इन बदलावों को समझना और उसके अनुरूप खुद को ढालना वर्तमान समय की मांग है। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रिज्म जॉनसन के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संजय रामदास काम्बेकर ने नवागंतुक विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब आप विद्यार्थी से पेशेवर बनने की राह पर हैं। स्व–प्रबंधन पर जोर देते हुए श्री काम्बेकर ने कहा कि अपनी खुद की जीवन शैली में प्रबंधन के गुणों को लाकर ही भविष्य में नेतृत्वकर्ता बना जा सकता है। उद्देश्यपरकता, धैर्य और जोश को उन्होंने सफलता का मूलमंत्र बताया।

मुख्य अतिथि श्री इबाद हनीफ, प्रमुख, नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड ने विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के दौरान आवश्यक बारीकियों को ध्यान रखने योग्य जरूरी तथ्यों से अवगत करवाया। विद्यार्थियों को भविष्य की तैयारियों से अवगत कराते हुए श्री इबाद हनीफ

कहा कि आज समय बहु–विषयक एप्रोच का है ऐसे में यह जरूरी है कि दृष्टिकोंण को विकसित किया जाय और व्यवहारिक बनाया जाय ।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बतौर विशेषज्ञ विशिष्ट अतिथि श्री अश्विनी कुमार, प्रबंध निदेशक, उत्कर्ष को–इन्वेस्टमेंट लिमिटेड उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से समय और नैतिकता को जीवन में सर्वोच्च स्थान पर रखने का आह्वान किया।

उदघाटन सत्र में एस.एम.एस. की प्रस्तावना से प्रो० अविनाश चंद्र सूपकर ने अवगत कराया । सत्र का संचालन डॉ पल्लवी पाठक व धन्यवाद ज्ञापन डॉ० अमिताभ पांडेय ने किया। इस दौरान अन्य तकनीकी सत्रों को क्रमशः को डॉ भावना सिंह और डॉ० सोफिया खान ने संचालित किया। इस दौरान निदेशक प्रो० पी० एन० झा, अधिशासी कुलसचिव डॉ एम० पी० सिंह, कुलसचिव श्री संजय गुप्ता सहित समस्त शिक्षक गण व कर्मचारी उपस्थित रहे ।